भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं .2464**
06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

**विषय: पीएम-किसान योजना के अंतर्गत लाभार्थी**

**2464. श्री के. गोपीनाथः**

**डॉ. एम.के. विष्णु प्रसाद**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) पीएम-किसान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) ओडिशा और तमिलनाडु राज्यों में पीएम-किसान के अंतर्गत लाभार्थियों की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए कृषि श्रमिकों को इसमें शामिल करने की योजना बना रही है; और
(घ) इस योजना में सभी पात्र किसानों का एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार की क्या पहल है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा फरवरी 2019 में भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रारंभ किया गया था। इस योजना के अंतर्गत, तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष रुपये 6,000 का वित्तीय लाभ प्रत्यक्ष लाभ अतंरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से देश भर के किसान परिवारों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाता है। पीएम-किसान योजना विश्व की सबसे बड़ी डी.बी.टी. योजनाओं में से एक है।

किसान-केंद्रित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के द्वारा योजना का लाभ बिना किसी बिचौलिए की भागीदारी के, देश भर के सभी किसानों तक पहुंचना सुनिश्चित हुआ है। लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए, भारत सरकार ने अब तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को 17 किस्तों में रुपये 3.24 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया है । पीएम-किसान योजना के अंतर्गत अब तक के लाभार्थियों तथा उन्हें जारी की गई धनराशि का राज्यवार ब्यौरा अनुबंध - 1 में है।

(ख): ओडिशा और तमिलनाडु राज्यों में पीएम-किसान के लाभार्थियों की जिलावार संख्या क्रमशः अनुबंध-2 और अनुबंध-3 में दी गई है।

(ग): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ): योजना के प्रचालन दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों की पहचान करना और उनका सत्यापन करना राज्यों/संघ शासित प्रदेशों का उत्तरदायित्व है। पीएम-किसान पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सत्यापित आंकड़ों के आधार पर प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण मोड के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ हस्तांतरित किया जाता है।

मंत्रालय अक्सर राज्य सरकारों के समन्वय के साथ सेचुरेशन अभियान चलाता रहता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र किसान इस योजना से वंचित न रह जाए। हाल ही में 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा (वी.बी.एस.वाई.) के तहत देश भर में सेचुरेशन अभियान चलाया गया, ताकि सभी पात्र किसानों को इस योजना से जोड़ा जा सके। देश भर में वी.बी.एस.वाई. अभियान के दौरान 1.0 करोड़ से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ा गया है ।

इसके अतिरिक्त, ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी लगातार अपने-अपने गांवों में पीएम-किसान योजना के तहत सभी पात्र किसानों की पहचान करते हैं और उन्हें योजना में जोड़ते हैं। पीएम-किसान योजना की पंजीकरण की सेवाएँ देश भर में 5.0 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटरों पर भी उपलब्ध हैं, ताकि किसान अपने नजदीक ही योजना के तहत पंजीकरण करा सकें।

अनुबंध -1

## पीएम-किसान की शुरुआत से अब तक लाभ प्राप्त लाभार्थियों का राज्यवार ब्यौरा
## (31.07.2024 तक की स्थिति के अनुसार)

| क्र. सं. | राज्य | लाभार्थियों की संख्या | हस्तांतरित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 17,678 | 50.97 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 60,02,607 | 15,772.99 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,05,600 | 245.23 |
| 4 | असम | 34,88,637 | 5,847.81 |
| 5 | बिहार | 86,36,562 | 23,934.39 |
| 6 | चंडीगढ़ | 484 | 1.29 |
| 7 | छत्तीसगढ | 40,08,908 | 8,466.91 |
| 8 | दिल्ली | 17,349 | 43.82 |
| 9 | गोवा | 11,719 | 26.52 |
| 10 | गुजरात | 66,21,097 | 17,882.57 |
| 11 | हरियाणा | 20,35,496 | 5,790.87 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 10,37,206 | 2,925.54 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 12,71,753 | 3,303.37 |
| 14 | झारखंड | 29,63,524 | 6,619.70 |
| 15 | कर्नाटक | 59,13,902 | 16,067.12 |
| 16 | केरल | 38,01,577 | 10,547.57 |
| 17 | लद्दाख | 20,717 | 56.93 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2,584 | 5.27 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 95,18,752 | 25,193.11 |
| 20 | महाराष्ट्र | 1,19,11,984 | 31,873.31 |
| 21 | मणिपुर | 5,38,607 | 789.23 |
| 22 | मेघालय | 2,09,751 | 446.21 |
| 23 | मिजोरम | 1,96,057 | 358.06 |
| 24 | नागालैंड | 2,21,740 | 585.75 |
| 25 | ओडिशा | 44,38,559 | 10,695.05 |
| 26 | पुदुचेरी | 11,399 | 32.35 |
| 27 | पंजाब | 23,62,302 | 5,224.20 |
| 28 | राजस्थान | 90,19,695 | 21,671.44 |
| 29 | सिक्किम | 24,753 | 46.04 |
| 30 | तमिलनाडु | 46,76,080 | 10,900.69 |
| 31 | तेलंगाना | 39,77,791 | 11,716.53 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | 15,084 | 43.95 |
| 33 | त्रिपुरा | 2,71,108 | 744.49 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,88,70,495 | 74,273.24 |
| 35 | उत्तराखंड | 10,23,545 | 2,743.68 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 52,64,719 | 9,476.38 |
| | **कुल योग** | **12,85,09,821** | **3,24,402.59** |

**अनुबंध- 2**

## ओडिशा राज्य में पीएम-किसान के अंतर्गत जिलेवार लाभार्थियों की संख्या
**(31.07.2024 तक)**

| क्र. सं. | जिले का नाम | लाभार्थियों की संख्या | कुल हस्तांतरित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुगुल | 1,67,252 | 402.41 |
| 2 | बलांगीर | 2,36,353 | 584.24 |
| 3 | बालेश्वर | 2,88,915 | 692.46 |
| 4 | बारगढ़ | 1,76,533 | 433.88 |
| 5 | भद्रक | 1,87,918 | 436.78 |
| 6 | बौध | 63,900 | 159.91 |
| 7 | कटक | 2,17,691 | 509.99 |
| 8 | देवगढ़ | 44,632 | 119.49 |
| 9 | ढेंकनाल | 1,34,477 | 316.94 |
| 10 | गजपति | 60,550 | 153.11 |
| 11 | गंजम | 2,53,457 | 596.75 |
| 12 | जगतसिंहपुर | 1,44,375 | 338.81 |
| 13 | जाजापुर | 1,88,042 | 416.92 |
| 14 | झारसुगुडा | 39,670 | 100.62 |
| 15 | कालाहांडी | 1,72,981 | 427.25 |
| 16 | कंधमाल | 90,985 | 232.94 |
| 17 | केंद्रपाड़ा | 1,71,237 | 391.21 |
| 18 | केंदुझार | 2,34,207 | 599.85 |
| 19 | खोरधा | 1,04,712 | 237.59 |
| 20 | कोरापुट | 1,12,481 | 266.62 |
| 21 | मल्कानगिरी | 66,247 | 150.44 |
| 22 | मयूरभंज | 3,19,305 | 794.82 |
| 23 | नबरंगपुर | 1,33,502 | 325.72 |
| 24 | नयागढ़ | 1,07,304 | 240.48 |
| 25 | नुआपाड़ा | 98,776 | 249.69 |
| 26 | पुरी | 2,04,043 | 471.72 |
| 27 | रायगढ़ | 78,624 | 186.07 |
| 28 | संबलपुर | 85,727 | 211.90 |
| 29 | सोनेपुर | 74,246 | 182.88 |
| 30 | सुंदरगढ़ | 1,80,417 | 463.56 |
| | **कुल** | **44,38,559** | **10,695.05** |

अनुबंध- 3

## तमिलनाडु राज्य में पीएम-किसान के अंतर्गत जिलेवार लाभार्थियों की संख्या
## (31.07.2024 तक की स्थिति के अनुसार)

| क्र. सं. | जिले का नाम | लाभार्थियों की संख्या | कुल हस्तांतरित राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अरियालुर | 1,14,058 | 309.26 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 65,455 | 131.49 |
| 3 | चेन्नई | 100 | 0.25 |
| 4 | कोयंबटूर | 69,683 | 190.48 |
| 5 | कुड्डालोर | 2,69,442 | 509.99 |
| 6 | धर्मपुरी | 2,17,661 | 519.39 |
| 7 | डिंडीगुल | 1,40,953 | 363.74 |
| 8 | इरोड | 1,04,317 | 294.51 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 2,24,608 | 421.23 |
| 10 | कांचीपुरम | 89,392 | 146.08 |
| 11 | कन्याकुमारी | 2,16,119 | 535.82 |
| 12 | करूर | 79,780 | 213.57 |
| 13 | कृष्णागिरी | 1,74,397 | 432.96 |
| 14 | मदुरै | 1,41,691 | 329.62 |
| 15 | माइलादुत्रयी | 11,389 | 23.73 |
| 16 | नागपट्टिनम | 50,143 | 130.31 |
| 17 | नमक्कल | 94,761 | 264.50 |
| 18 | पेरम्बलुर | 80,290 | 222.36 |
| 19 | पुदुक्कोट्टई | 1,46,131 | 373.95 |
| 20 | रामनाथपुरम | 1,30,105 | 315.75 |
| 21 | रानीपेट | 43,524 | 107.94 |
| 22 | सलेम | 2,78,995 | 573.65 |
| 23 | शिवगंगा | 1,15,658 | 307.32 |
| 24 | तेनकासी | 52,742 | 135.53 |
| 25 | तंजावुर | 1,27,539 | 326.18 |
| 26 | नीलगिरी | 50,805 | 119.82 |
| 27 | थेनी | 49,418 | 129.49 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 1,50,672 | 232.11 |
| 29 | थिरुवरुर | 63,574 | 170.25 |
| 30 | तिरुचिरापल्ली | 1,66,961 | 433.64 |
| 31 | तिरुनेलवेली | 62,637 | 170.42 |
| 32 | तिरुपथुर | 66,813 | 171.25 |
| 33 | तिरुपूर | 99,811 | 264.49 |
| 34 | तिरुवन्नामलाई | 3,24,051 | 706.08 |
| 35 | तूतीकोरिन | 85,236 | 225.20 |
| 36 | वेल्लोर | 1,38,202 | 290.91 |
| 37 | विल्लुपुरम | 2,84,739 | 570.51 |
| 38 | विरुधुनगर | 94,228 | 236.93 |
| | **कुल** | **46,76,080** | **10,900.69** |

*****